राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

“इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर”

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार **“इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर”** विषय पर 03 दिवसीय कोर्स दिनांक 01.11.2017 से 03.11.2017 तक आयोजित किया गया है।

Sitting Row L to R = Lila Kumari, Vishnu Dutt, Arvind Charan, Labhu Ram, Sanjeev Nain Asst. Director, (Course Director), **Rajeev Dasot, IPS (Addl. DGP Cum Director)**, Alok Kumar, Dalpat Singh, Rakshit Kothari, Rajveer Singh, Amrita Singh

Ist Row L to R = Raja Ram, Kanhaiya Lal, Pushpendra Singh, Hari Ram Jajunda, Bhawani Singh Shekhawat, Suresh Kumar, Dashrath Singh, Hukam Chand, Anil Kumar Yadav,Shri Ram Meena, Dharm Singh Meena, Babu Lal Meena, Samundra Singh, Udayveer Singh, Shivji Lal

IInd Row L to R = Kaptan Singh, Ramkumar Choudhary, Ajeet Kumar, Uday Singh Shekhawat, Sita Ram, Banwari Lal, Phool Chand, Jai Singh Basera, Girraj Prasad, Ramawtar Sharma, Bhanwar Singh, Harish Rathore, Sita Ram Meena

इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल **36** प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री संजीव नैन, सहायक निदेशक (प्रशासन) ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत की व **“इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर”** के विभिन्न आयामों व उनका पुलिस कार्यप्रणाली व अनुसंधान में महत्व के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर विषय पर विभिन्न कानूनों की जानकारी, पुलिस व्यवहार से सम्बन्धित जानकारी, पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार, पीपल फ्रेण्डली पुलिसिंग, गिरफ्तार व्यक्तियों के साथ व्यवहार, महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार, जनता में पुलिस की छवि आदि की जानकारी विभिन्न विषय

विशेषज्ञों द्वारा दी गई। आमंत्रित अतिथि व्याख्याताओं में न्यायपालिका, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा आदि क्षेत्रों के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने उपस्थित होकर व्याख्यान दिये साथ ही पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारियों, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत एवं मौजूदा पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों से साझा किये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में श्री उमेश शर्मा, जिला न्यायाधीश (से.नि.), ने **''पुलिस एण्ड पब्लिक इमेज- ए ज्यूडिशियल पर्सपेक्टिव''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्री एस.एस. बिस्सा आई.ए.एस. (से.नि.) ने **''पुलिस बिहेवियर: एन एडमिनिस्ट्रेटिव व्यू पॉइन्ट''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्री महेन्द्र पारख, आर.ए.एस. ने **''पीपल फ्रेण्डली पुलिसिंग''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। चतुर्थ सत्र में श्री संजीव नैन, सहायक निदेशक (प्रशासन), आरपीए, जयपुर ने **''इम्प्रूवमेन्ट इन पुलिस बिहेवियर बाय कम्यूनिटी पुलिसिंग''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में ''**पुलिस बिहेवियर- पब्लिक परसेप्शन वर्सेज रियलिटीज''** विषय पर **पेनल डिस्कशन** रखा गया जिसमें डॉ. रेनु सिंह, एक्जीक्युटिव डायरेक्टर, दिशा फाउण्डेशन, जयपुर, श्री हरि प्रसाद शर्मा आई.जी.पी., सी.आई.डी. (सी. बी.), जयपुर एवं श्री राजेन्द्र भानावत आई.ए.एस. (से.नि.) व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्री हेमन्त नाहटा, वरिष्ठ अधिवक्ता (क्राइम), ने **''पुलिस बिहेवियर- एक्सपेक्टेशन्स एण्ड ग्राउण्ड रियलिटीज''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में श्रीमती मारूती जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सिविल राइट्स, जयपुर ने **''महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। चतुर्थ सत्र में श्री एम. एम. अत्रे, आई.जी.पी. (से.नि.), ने **''पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में श्री अशोक गुप्ता, डी.सी.पी. (वेस्ट), आयुक्तालय, जयपुर ने **''पुलिस व्यवहार में सुधार'** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। श्री जी.एल. शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक (से.नि.), ने **''पुलिस-पब्लिक रिलेशन''** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया। कोर्स के अंतिम दिवस दिनांक 03.11.2017, शुक्रवार को 04:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल नं. 03 में किया गया जिसमें श्री जी.एल. शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक (से.नि.) के उद्बोधन के पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये।